तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

[भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा]

पखांजूर-परतापुर मार्ग में बेशुमार गड्ढों से आवागमन में दिक्कत व रोज हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

जनप्रतिनिधि और उच्च अधिकारी कई बार गुजर चुके, फिर भी नहीं बदली सड़क की तस्वीर

पखांजुर से परतापुर को जोड़ने वाली सड़क की जर्जर स्थिति से क्षेत्र के आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत बन गए हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत और गड्ढों को भरने के लिए गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। सड़क की बदहाल स्थिति को देखकर लोगों के मन में सवाल उठने लगा है कि आखिर जिम्मेदार विभाग की नींद कब खुलेगी और इस मार्ग की मरम्मत के लिए ठोस कदम कब उठाए जाएंगे। पखांजुर-परतापुर मार्ग क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन इस सड़क से दोपहिया, चारपहिया वाहनों सहित अन्य यात्री वाहनों की आवाजाही होती है, लेकिन सड़क पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। कई स्थानों पर सड़क की खराब स्थिति के चलते आवागमन असुविधाजनक हो गया है। खासकर दोपहिया ⏭शेष पेज 10 पर

अलग खबर

सड़क की मरम्मत की उठ रही मांग

क्षेत्रवासियों की माँग है कि संबंधित विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करेगा। लोगों की मांग है कि पखांजुर-परतापुर मार्ग के जर्जर हिस्सों की पहचान की जाए और प्राथमिकता के आधार पर गड्ढों को भरने सहित मरम्मत का कार्य कराया जाए। आवश्यकता के अनुसार सड़क का स्थायी सुधार भी किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को बार-बार इसी समस्या का सामना न करना पड़े।



दो युवकों की जान तीन दिन पहले गई

पखांजुर-परतापुर मार्ग की जर्जर हालत अब जानलेवा साबित हो रही है। तीन दिन पहले इसी मार्ग पर गड्ढे के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें दो युवकों की जान चली गई। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज

बड़ेगौरी के दहशतगर्दों पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। थाना चारामा अंतर्गत ग्राम बड़ेगौरी में धारदार चाकू लेकर घूमने और आने-जाने वाले लोगों को धमकाने के मामले में चारामा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन धारदार चाकू और एक स्कूटी जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो नाबालिगों के विरुद्ध विधि के अनुरूप कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को थाना चारामा पुलिस पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बड़ेगौरी में तीन युवक अपने पास धारदार चाकू रखकर संदिग्ध रूप से घूम रहे हैं और आने-जाने वाले लोगों को ⏭शेष पेज 10 पर

मुड़पार पुल के पास हुआ हादसा

मुड़पार में दो बाइक भिड़ीं पति की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



नरहरपुर थाना क्षेत्र के चौकी दुधावा अंतर्गत ग्राम मुसुरपुट्टा निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा 22 अक्टूबर की सुबह मुड़पार पुल के पास कंकनाला मुख्य मार्ग पर हुआ। घटना में दोनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, सामने से आ रही मोटरसाइकिल के चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारने का आरोप लगाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस ⏭शेष पेज 10 पर

अस्पताल में डॉक्टर ने किया मृत घोषित

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सरोना स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचे। वहां मधु साहू का उपचार चल रहा था, जबकि डॉक्टर ने प्रफुल्ल साहू को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे में दूसरी मोटरसाइकिल का चालक चन्द्रशेखर साहू और पीछे बैठा चेतन गिरी गोस्वामी भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था।

खबर संक्षेप

मुर्गा लड़ाई हारी तो डंडे से हमला, जीजा घायल



कांकेर। भानुप्रतापपुर के वार्ड नंबर 01 कर्मचारी कॉलोनी में मुर्गा लड़ाई में मुर्गा हारने की बात को लेकर जीजा और साले के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान साले द्वारा जीजा के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 01 कर्मचारी कॉलोनी निवासी 48 वर्षीय सहदेव चालकी पिता स्व. बिरझू राम चालकी, आनंद मार्ग स्कूल में प्यून ⏭शेष पेज 10 पर

टोकन के मुताबिक धान नहीं लाए तो लैप्स होंगे रकबे, दुबारा मौका नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बायोमेट्रिक सत्यापन और एग्रीस्टैक से जुड़ेगा किसानों का रकबा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को पारदर्शी और गड़बड़ी मुक्त बनाने के लिए इस बार सरकार ने नियमों को सख्त कर दिया है। अब किसान को टोकन में दर्ज मात्रा के अनुसार ही धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचना होगा। यदि किसान निर्धारित मात्रा से कम धान लेकर पहुंचता है, तो बची हुई मात्रा का रकबा अगले टोकन में शामिल नहीं किया जाएगा, बल्कि लैप्स हो जाएगा। यानी किसान निर्धारित समय पर शेष रकबे के लिए दोबारा टोकन नहीं कटवा सकेगा। धान खरीदी के नए प्रावधानों को लेकर कुछ समय पहले शासन स्तर ⏭शेष पेज 10 पर



70:30 के अनुपात में जारी होंगे टोकन

किसान टोकन कटवाने के बाद निर्धारित तिथि पर धान लेकर नहीं पहुंच पाता है, तो अगले दिन उसका टोकन डिलीट हो जाएगा। ऐसी स्थिति में टोकन दोबारा जारी कराने की अनुमति केवल एक बार मिलेगी। दूसरी बार टोकन डिलीट होने पर संबंधित मात्रा का रकबा लैप्स हो जाएगा। इस बार टोकन जारी करने की व्यवस्था भी निर्धारित अनुपात में रहेगी। कुल टोकन में से 70 प्रतिशत मोबाइल ऐप के माध्यम से और 30 प्रतिशत टोकन समितियों के जरिए जारी किए जाएंगे।

बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद होगी खरीदी

धान खरीदी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य रखने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत किसान की पहचान अंगूठे के निशान या आईरिस स्कैन के माध्यम से सत्यापित की जाएगी। पहचान की पुष्टि के बाद ही धान खरीदी की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसके साथ ही खरीदी की पूरी एंट्री डिजिटल माध्यम से रियल टाइम डेटाबेस में दर्ज की जाएगी। इससे रिकॉर्ड में बाद में बदलाव या पिछली तारीख में एंट्री करने जैसी गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।



खबर संक्षेप

ध्वनि प्रदूषण रहित विसर्जन, 4 दुर्गोत्सव समितियां सम्मानित



कांकेर। कांकेर पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण रहित एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप दुर्गा विसर्जन संपन्न कराने वाली चार दुर्गोत्सव समितियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। एसपी निखिल राखेचा के निर्देशन एवं एएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन में एसडीओपी हरीश पाटिल ने समितियों के पदाधिकारियों का सम्मान किया। सम्मानित समितियों में श्री श्री कालिका महोत्सव समिति राजापारा, श्री श्री संगम दुर्गोत्सव समिति, नवजोत दुर्गोत्सव समिति आमापारा और जवाहर वार्ड दुर्गोत्सव समिति शामिल हैं। समितियों ने तेज ध्वनि वाले साधनों से परहेज कर निर्धारित समय से पूर्व विसर्जन संपन्न कराया।

रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 26 को

कांकेर। जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हे आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार स्व-रोजगार से जोड़कर उन्हे सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30-30 सीटों में जनरल ड्यूटि असिस्टेंट नर्सिंग एवं डेस्कटॉप पब्लिषिंग कम्प्यूटर कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये 26 अक्टूबर को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10 से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में कांउसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है।

जिले में आकार ले रहा बांस का परिधान, मनमोहन नाग रच रहे हस्तशिल्प की नई इबारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव

अपनी विशिष्ट हस्तशिल्प कला के लिए देश-दुनिया में खास पहचान रखने वाला बस्तर का कोंडागांव अब बांस से वस्त्र और परिधान तैयार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और अभिनव प्रयोग करने जा रहा है। बांस हस्तशिल्प के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का लंबा अनुभव रखने वाले जाने-माने शिल्पकार मनमोहन नाग इन दिनों बांस को पहनने योग्य परिधान का स्वरूप देने में पूरी तन्मयता से जुटे हैं। उनका यह प्रयास कोंडागांव की पारंपरिक कला को फैशन की आधुनिक दुनिया से जोड़ने की एक मिल का पत्थर साबित होने वाली पहल है।

नागपुर के फैशन शो में दिखेगा जलवा : इस अनूठे प्रयोग के तहत आगामी 1 नवंबर को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित फैशन शो में मंचीय कला की जानी-पहचानी कलाकार सोना सोड़ी बांस से निर्मित विशेष परिधान पहनकर मंच पर उतरेंगी। सोना सोड़ी, राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रख्यात भित्तिचित्रकार दुर्जन सोड़ी की सुपुत्री हैं। उन्होंने इस राष्ट्रीय मंच के लिए बांस के परिधान को चुना है और इसे तैयार करने की जिम्मेदारी अनुभवी शिल्पकार मनमोहन नाग को सौंपी है। फिलहाल मनमोहन इस बड़ी चुनौती को अपनी कला के इजहार का अवसर मानते हुए दिन-रात इसे आकार देने में लगे हैं।

बचपन से रहा है कला से गहरा नाता : कोंडागांव के आलबेड़ा पारा निवासी मनमोहन नाग का हस्तशिल्प से जुड़ाव बचपन से ही रहा है। उन्होंने अपने पिता गोवर्धन नाग को लचीले प्लास्टिक केन धागों से कलात्मक वस्तुएं बनाते देख यह हुनर आत्मसात किया था। युवावस्था में उन्हें वर्ष 1977 के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित श्रेष्ठ हस्तशिल्पी जयदेव बघेल का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिससे उनकी कला को एक नई दिशा मिली।

नागपुर में 1 नवंबर को आयोजित फैशन शो में सोना सोड़ी पहनेंगी बांस से तैयार विशेष परिधान

कोंडागांव के मुकुट में जुड़ेगा नया मोरपंख

कोंडागांव पहले से ही बेलमेटल, ढोकरा और काष्ठ शिल्प के लिए विश्वविख्यात है। यदि यह बांस के परिधान का प्रयोग सफल रहता है, तो हस्तशिल्प नगरी के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ जाएगा। इससे न केवल स्थानीय शिल्पकारों के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि बांस कला को वैश्विक फैशन जगत में एक नई पहचान भी मिलेगी। नागपुर के मंच पर प्रदर्शित होने वाले इस अनूठे प्रयोग पर पूरे छत्तीसगढ़ की निगाहें टिकी हुई हैं।



पारंपरिक कला को आधुनिक फैशन से जोड़ने की चुनौती : बांस को वस्त्र का रूप देना मनमोहन नाग के करियर का एक नया और चुनौतीपूर्ण अध्याय है। उनके सामने बांस की प्राकृतिक कठोरता, बनावट और उसकी खूबियों को सहज परिधान में ढालने की चुनौती है। यह प्रयोग इस बात का प्रतीक है कि कैसे स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक कौशल को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ा जा सकता है।

खेत बचाओ अभियान–रबी 2026 शुरू, किसानों की आय बढ़ाने की अनूठी पहल

कोण्डागांव जिले में धान कटाई के बाद रबी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के किसानों की आय में वृद्धि करने, उपलब्ध कृषि संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने और रबी फसलों के रकबे को बढ़ाने के लिए 22 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक खेत बचाओ अभियान–रबी 2026 का संचालन किया जा रहा है। कृषि विभाग की विशेष टीमें जिले के सभी विकासखंडों—कोण्डागांव, माकड़ी, फरसगांव, विश्रामपुरी–बड़ेराजपुर और केशकाल की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से रूबरू करा रही हैं।

- किसानों को दी जाएगी वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी

खाली खेतों में तिलहन और दलहन की बहार

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य धान की कटाई के पश्चात खाली रहने वाले खेतों का बेहतर उपयोग करना है। किसान खेतों की नमी का लाभ उठाकर तोरिया, सरसों, अलसी जैसी तिलहन तथा चना, तीवरा और मटर जैसी दलहनी फसलों की खेती कर सकते हैं। इससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिलेगा।



गांव–गांव में किसान चौपाल और मैदानी प्रदर्शन

अभियान की 40 दिवसीय अवधि में हाट–बाजारों एवं ग्राम पंचायतों में किसान चौपाल आयोजित की जाएंगी। इनमें कृषि वैज्ञानिक किसानों को कीट एवं रोग प्रबंधन सहित रबी फसलों से संबंधित समस्याओं का समाधान बताएंगे। साथ ही उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग और प्राकृतिक खेती की तकनीकों का खेतों में प्रदर्शन किया जाएगा।

मृदा स्वास्थ्य और जल संरक्षण पर जोर

अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक इस्तेमाल करने और रासायनिक खादों के विकल्प के रूप में जैविक खाद व वर्मीकंपोस्ट अपनाने की सलाह दे रहे हैं। इसके साथ ही, पठारी और ढलान वाले क्षेत्रों में जल उपयोग दक्षता बढ़ाने, तालाब व बोरवेल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल तथा कम पानी वाली फसलों के चयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जल संरक्षण और मौसम आधारित कृषि सलाह

जिले के पठारी एवं ढलान वाले क्षेत्रों में जल उपयोग दक्षता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। किसानों को तालाब, डबरी एवं बोरवेल जैसे जल स्रोतों का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा कम पानी में तैयार होने वाली रबी फसलों के चयन की जानकारी दी जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र, कोण्डागांव द्वारा मौसम के अनुरूप साप्ताहिक कृषि सलाह किसानों तक मोबाइल और स्थानीय बैठकों के माध्यम से पहुंचाई जाएगी।

पात्र किसानों को योजनाओं से जोड़ने की पहल – अभियान के अंतर्गत पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी उपलब्ध कराने, किसान आईडी बनाने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों के बीमा संबंधी लाभों एवं अंतिम तिथि की जानकारी देने पर भी जोर दिया जाएगा। विभागीय टीमें किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

किसानों से अभियान में सहभागिता की अपील

उप संचालक कृषि, जिला कोण्डागांव ने जिले के सभी किसान भाई–बहनों से अपील की है कि वे धान कटाई के बाद अपने खेतों को खाली न छोड़ें, मिट्टी की जांच कराएं तथा रबी फसलों की खेती के लिए नजदीकी कृषि विस्तार अधिकारी या कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क करें। वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन और अधिक आय प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

युवक को बंधक बनाकर लोहे की पट्टी से पीटा, दो आरोपी गिरफ्तार



कांकेर। पैसे के विवाद को लेकर एक युवक को दुकान की दूसरी मंजिल पर ले जाकर बंधक बनाने और लोहे की वजनदार पट्टी से मारपीट कर जान से मारने का प्रयास करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की पट्टी भी जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा अनुभाग पुलिस अधिकारी हरीश पाटिल के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधों की रोकथाम और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोडेजुंगा चौक कांकेर निवासी 26 वर्षीय निर्भय श्रीवास्तव ने थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि मांझापारा स्थित अशोक ग्लासेस दुकान में पैसों के लेन-देन को लेकर मनीष सेरवानी और अमन मंडावी उर्फ आमीन ने उसके साथ गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 364/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296, 118(2), 351(3), 127(2) एवं 3(5) में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों की पतासाजी कर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पैसों के विवाद को लेकर घटना के दिन युवक को दुकान की दूसरी मंजिल पर ले जाकर मारपीट करने की बात स्वीकार की। विवेचना के दौरान 23 अक्टूबर को गवाहों की उपस्थिति में घटना में प्रयुक्त लोहे की वजनदार पट्टी जब्त की गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया।

गिरफ्तार आरोपियों में गोविंदपुर निवासी 44 वर्षीय मनीष सेरवानी पिता स्व. अशोक सेरवानी और शिवनगर कांकेर निवासी 21 वर्षीय अमन मंडावी उर्फ आमीन पिता विष्णु राम मंडावी शामिल है।

दियागांव क्रिकेट के विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत



दुर्गूकोंदल। ग्राम दियागांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत केवल उन्हें उचित अवसर, प्रोत्साहन और मंच उपलब्ध कराने की है। दियागांव में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। समापन समारोह में विधायक ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र में खेलों के प्रति युवाओं की रुचि और सहभागिता को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सरपंच रजलाल आंचला, धनसिंग कोमरा, सोमजी कोमरा, धनेश नरेटी, गोपी बढ़ाई, हुमन मरकाम, सुखचंद प्रजापति, अमन मंडावी, महेन्द्र नायक, सदाराम कोमरा, सोहन कोरेटी, रामनाथ कोमरा, हृदय बघेल, चैन सिंह कोमरा, अनुराग शर्मा और कुणाल टेकाम उपस्थित रहे।

भूपेंद्र नाग भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के भूपेंद्र नाग को भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमांग जोशी के नेतृत्व में उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। भूपेंद्र नाग वर्तमान में भाजपा मंडल धनेलीकन्हार के जिला प्रभारी के रूप में भी कार्यरत हैं। भूपेंद्र नाग को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलने की खबर से जिले सहित छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह का माहौल है। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भूमिका और अनुभव को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्हें उम्मीद है कि वे अपने नए दायित्व के माध्यम से युवा मोर्चा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने में योगदान देंगे।



भूपेंद्र नाग को भाजयुमो का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा मंडल धनेलीकन्हार के अध्यक्ष डाकेश साहू, जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ पंचुराम नायक, पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित टावरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों ने कहा कि जिले के युवा नेता को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इससे स्थानीय युवाओं को संगठनात्मक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने भूपेंद्र नाग के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे अपने नए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे और भारतीय जनता युवा मोर्चा को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

पेज 9 के शेष

पखांजूर-परतापुर मार्ग में बेशुमार गड्ढों ...

वाहन चालकों को गड्ढों से बचकर निकलने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की समस्या कोई नई नहीं है। मार्ग से जनप्रतिनिधियों और उच्च अधिकारियों का कई बार आना-जाना हो रहा है। इसके बावजूद सड़क की स्थिति सुधारने के लिए अब तक कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है। गड्ढों को भरने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत जैसे जरूरी कार्यों में देरी से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। सड़क की बदहाली के कारण वाहन चालकों को न केवल असुविधा झेलनी पड़ रही है, बल्कि वाहनों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है।

टोकन के मुताबिक धान नहीं लाए तो...

पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें खरीदी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने पर चर्चा हुई। नई व्यवस्था के तहत 2 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को एक टोकन, दस एकड़ तक अधिकतम दो टोकन और इससे अधिक रकबे वाले किसानों को 3 टोकन दिए जाएंगे। टोकन की स्थिति में आनुपातिक विभाजन 50-50 प्रतिशत और 3 टोकन की स्थिति में 33-33-34 प्रतिशत के अनुपात में किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी किसान ने 4 एकड़ भूमि के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से 84 क्विंटल धान बेचने का टोकन कटवाया, लेकिन खरीदी के दिन वह केवल 63 क्विंटल धान लेकर पहुंचा, तो शेष 21 क्विंटल के बराबर 1 एकड़ का रकबा लैप्स हो जाएगा। इस शेष रकबे के लिए किसान को दोबारा टोकन जारी नहीं किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर इस बार कॉमन ग्रेड धान खरीदी में 2 हजार 441 रुपये प्रति क्विंटल और ए-ग्रेड धान की खरीदी 2 हजार 461 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

मुर्गा लड़ाई हारी तो डंडे से....

के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 22 अक्टूबर की शाम करीब साड़े 5 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उनके साले प्रहलाद लोहले पिता स्व. नारायण लोहले वहां पहुंचे। मुर्गा लड़ाई में मुर्गा हार जाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान प्रहलाद लोहले ने सहदेव चालकी के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों तथा पास में पड़े बांस के डंडे से मारपीट की। इस दौरान सहदेव के सिर में चोट लग गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रहलाद लोहले के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बड़ेगौरी के दहशतगर्दों पर पुलिस ...

धमका रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल तीन धारदार चाकू बरामद किए गए। इसके अलावा स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीडी 5598 को भी जब्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में थाना चारामा में अपराध क्रमांक 220/2026 के तहत धारा 25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की। मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान बड़ेगौरी निवासी 19 वर्षीय भूपेन्द्र उर्फ सूरज कवाची पिता बुधराम कवाची के रूप में हुई है। वहीं दो अन्य के नाबालिग होने के कारण उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर हरिश पाटिल के पर्यवेक्षण में की गई। कार्रवाई में थाना चारामा के निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, सहायक उपनिरीक्षक माखन नागवंशी, दुष्यंत दीवान, प्रधान आरक्षक लोकेन्द्र सोनवानी, नरेन्द्र नागेश तथा आरक्षक भागीरथी मण्डावी और शंकर खुंटे का विशेष योगदान रहा।

मुड़पार में दो बाइक भिड़ीं...

को दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया गया कि ग्राम मुसुरपुट्टा निवासी 26 वर्षीय प्रफुल्ल साहू अपनी पत्नी मधु साहू को इलाज के लिए मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 9382 से कांकेर ले जा रहा था। सुबह करीब 8 बजे जब वे मुड़पार पुल के पास कंकनाला मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएक्स 3211 से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में प्रफुल्ल और मधु सड़क पर गिरकर घायल हो गए। प्रफुल्ल मौके पर ही बेहोश हो गया, जबकि मधु के सिर में चोटें आईं। मृतक के पिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि चन्द्रशेखर साहू ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक मोटरसाइकिल चलाते हुए उनके बेटे की बाइक को टक्कर मारी, जिससे प्रफुल्ल की मौत हो गई और बहू मधु घायल हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएक्स 3211 के चालक चन्द्रशेखर साहू के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव 25 फुट ऊंचे रावण का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

नगर के नयापारा स्थित उन्मुक्त खेल मैदान में गुरुवार को दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम भीरावाही से पहुंचे कलाकारों ने महिषासुर वध एवं रावण युद्ध का भव्य संगीतमय मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन पर आकर्षक आतिशबाजी के बीच 25 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। दशहरा उत्सव के दौरान ग्राम भीरावाही से आए लगभग 30 कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कलाकारों ने अभिनय, संवाद और संगीत के माध्यम से महिषासुर वध एवं रावण युद्ध के पौराणिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। लगभग तीन घंटे तक चले इस मंचीय कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतिम चरण में 25 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा और मैदान जयघोष से गूंजने लगा। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में एकत्रित हुए। नगरवासियों के साथ आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों ने परिवार सहित उत्सव का आनंद लिया। दर्शकों की भीड़ के चलते पूरा खेल मैदान मेले जैसा नजर आया। दशहरा उत्सव समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी नागरिकों, सहयोगियों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं की भी समिति ने सराहना की।

संभागीय वॉलीबॉल और कबड्डी स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

ग्राम डांगरा में आयोजित संभाग स्तरीय वॉलीबॉल एवं ओपन चैलेंज महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची टीमों ने शानदार खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए में ग्रामीण एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता लीग सिस्टम के आधार पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 15 टीमों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए कोंडागांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जगदलपुर की टीम



द्वितीय और तेतरकुट्टी की टीम तृतीय स्थान पर रही। महिला कबड्डी प्रतियोगिता नॉकआउट सिस्टम के तहत आयोजित की गई, जिसमें कुल 14 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद रायपुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। लामडागुड़ा की टीम द्वितीय और राजनांदगांव की टीम तृतीय स्थान पर रही। महिला खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, रणनीति और सामूहिक तालमेल से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पुरुष कबड्डी वर्ग में जय मारुति कराठी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। डांगरा बी की टीम द्वितीय तथा मंडागांव की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने दमखम, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। समापन समारोह में ललित नरेटी, सरपंच रमुला नरेटी, डिप्टी रेंजर सोमनाथ कोडोपी, जोहन गावड़े, बृजलाल मरकाम, ग्राम पटेल शेखलाल नरेटी, बृजलाल तोप्पा, अशोक नरेटी एवं मदनलाल दुग्गा सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

खबर संक्षेप

मृतक के परिवार को मिले 50 लाख और घायल को 25 लाख



जगदलपुर। दशहरा के दौरान हुए हादसे को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतु कश्यप ने दुख व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, रोजगार और न्याय प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार को 50 लाख मुआवजा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। वहीं घायल को 25 लाख मुआवजा दिया जाए।

औद्योगिक परियोजनाओं में स्थानीय को मिले रोजगार



जगदलपुर। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश उपाध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ गठन के बाद 26 वर्षों में बस्तर में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन स्थानीय रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, सिंचाई और पुनर्वास के वास्तविक परिणामों का सार्वजनिक आकलन जरूरी है। बस्तर का विकास केवल खनिज उत्पादन और निवेश से नहीं, बल्कि स्थानीय जनता को मिले लाभ से मापा जाए। 5वीं अनुसूची, पेसा अधिनियम और वन अधिकार अधिनियम के लागू प्रावधानों का पालन सुनिश्चित हो। स्थानीय रोजगार एवं औद्योगिक जवाबदेही नगरनार स्टील प्लांट और अन्य उद्योगों में स्थानीय युवाओं की नियमित भर्ती, रिक्त पदों तथा ठेका श्रमिकों के आंकड़े सार्वजनिक हों। स्थानीय व्यवसायियों और उद्यमियों को पारदर्शी अवसर मिलें।

सेमेस्टर परीक्षा की आवेदन की तिथि 30 तक बढ़ी

जगदलपुर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर द्वारा सत्र 2026-27 की सेमेस्टर परीक्षा जुलाई-दिसम्बर 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा कक्षाओं के नियमित, स्वाध्यायी, भूतपूर्व एवं एटीकेटी परीक्षार्थी 30 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे एवं 31 अक्टूबर तक अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में आनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी एवं आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय ने नामांकन आवेदन की तिथियां बढ़ाईं

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा सत्र 2026-27 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा कक्षाओं के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन नामांकन की संशोधित तिथि जारी कर दी गई है। जिन विद्यार्थियों का नामांकन अब तक नहीं हो पाया था, उनके लिए विश्वविद्यालय ने एक अंतिम अवसर प्रदान किया है। विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 26 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन नामांकन फॉर्म भर सकते हैं।

मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का आत्मीय स्वागत...



राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित उप मुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

जगदलपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद महेश कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, महापौर संजय पांडेय सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

मलिगुड़ा-जराती रेल खंड पर बहाली कार्य पूरा, मालगाड़ियों का परिचालन शुरू

कोरापुट-किरन्दुल रेल लाइन पर महीने भर बाद पटरी पर दौड़ी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ईस्ट कोस्ट रेलवे ने कोरापुट-किरन्दुल रेल खंड के मलिगुड़ा क्षेत्र में भूस्खलन से प्रभावित सभी तीन स्थानों पर ट्रैक बहाली का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह रेल मार्ग बीते 24 सितंबर से बंद

- डीआरएम ने कहा सुरक्षा जांच के बाद बहाल होंगी यात्री सेवाएं





था, जिससे बस्तर और आसपास के क्षेत्रों में रेल सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई थीं। बुधवार रात को काम पूरा होने के बाद रेलवे ने निर्धारित सुरक्षा सावधानियों और कड़ी निगरानी के बीच सीमित गति से मालगाड़ियों के संचालन की अनुमति दे दी है। डीआरएम ने कहा कि यात्री ट्रेनों का परिचालन रेल ट्रैक, बुनियादी ढांचे और अन्य सुरक्षा मानकों के पूर्ण मूल्यांकन और सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए बिना किसी समझौते के सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से ट्रेनों का संचालन बहाल करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। भूस्खलन की घटना के बाद से ही ईस्ट कोस्ट रेलवे के प्रधान मुख्य अभियंता राजेश शेखावत और मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ सिंघल सहित अन्य विभागीय अधिकारी दिन-रात प्रभावित स्थलों पर डटे रहे। उन्होंने उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए काम को जल्द पूरा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से निगरानी की। इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और सिग्नल एंड टेलीकॉम विभागों की टीमों ने लाइनों को बहाल करने के लिए चौबीसों घंटे काम किया।

महाप्रबंधक ने लिया जायजा

ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने भूस्खलन प्रभावित मलिगुड़ा क्षेत्र का निरीक्षण किया और युद्ध स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। फुंकवाल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को हर स्तर पर सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए खंड की जल्द बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए थे। मलिगुड़ा रेल पुल के पास और मलिगुड़ा स्टेशन यार्ड में भूस्खलन से ट्रैक प्रभावित हुआ था। बस्तर और आसपास के लोगों के लिए परिवहन के इस महत्वपूर्ण साधन के बंद होने से जनता को हुई असुविधा को देखते हुए रेलवे ने संवेदनशीलता के साथ त्वरित प्रयास किए हैं। प्रभावित खंड पूरी तरह सुरक्षित घोषित होते ही यात्री सेवाएं भी बहाल कर दी जाएंगी।

मांझी-चालकियों के साथ बैठकर विशेष भोज में शामिल हुईं राष्ट्रपति



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लालबाग मैदान में आमसभा के उपरांत विशेष भोज में बस्तर की पारंपरिक प्रशासनिक व्यवस्था के प्रमुख अंग मांझी-चालकी और मेंबर-मेंबरिन के साथ बैठकर भोजन किया। उन्होंने सहजता व आत्मीयता के साथ संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, बस्तर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक किरण सिंह देव, सुश्री लता उसेंडी, नीलकण्ठ टेकाम, महापौर संजय पाण्डेय मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सचिव संस्कृति डा एस भारतीदासन, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी बीएन मीणा, कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी शलभ सिन्हा सहित बस्तर दशहरा समिति के सदस्य तथा बस्तर पंडुम के विजेता प्रतिभागी भी रहे।

जयदेव बाबा का सेवा भाव दशहरा की परंपराओं को दे रहा नई ऊर्जा : मांझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का अद्भुत संगम है। 75 दिनों तक चलने वाले इस ऐतिहासिक पर्व में जहां

- रथ निर्माण के कारीगरों, मांझी-चालकी, सिरहा-गुनिया और पुजारी गणों के लिए भोजन, जलपान एवं ठहरने की व्यवस्था सराहनीय



विभिन्न रस्मों और परंपराओं का निर्वहन किया जाता है, वहीं इससे जुड़े सेवाभावी लोगों का योगदान भी विशेष महत्व रखता है। सुकमा जमींदार परिवार से कुमार जयदेव दशहरा पर्व के दौरान सेवादारों, रथ निर्माण में जुटे कारीगरों, मांझी-चालकी, सिरहा-गुनिया और पुजारी गणों के लिए भोजन, जलपान एवं ठहरने की व्यवस्था करते है। उनके इस निस्वार्थ सेवा भाव की बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष बलराम मांझी ने सराहना करते हुए कहा कि जयदेव उनका समर्पण और सेवाभाव प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि दशहरा पर्व के दौरान अंसख्य देव-देवताओं के साथ उनके सेवादार भी पहुंचते हैं।

शासन की ओर से उनके लिए राशन और ठहरने की व्यवस्था की जाती है, लेकिन किन्हीं कारणों से जिन लोगों तक यह सुविधाएं नहीं पहुंच पातीं, उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कुमार बाबा अपनी ओर से व्यवस्था कर रहे हैं। यह उनकी संवेदनशीलता और सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। बलराम मांझी ने कहा कि धन-संपत्ति तो बहुत लोगों के पास होती है, लेकिन उसे दूसरों की सेवा में लगाने की इच्छा और निस्वार्थ भाव हर किसी में नहीं होता। यह विशेषता जयदेव बाबा में देखने को मिलती है। वे दशहरा ही नहीं, बल्कि अन्य धार्मिक आयोजनों और पूजा-पाठ के कार्यों में भी हमेशा समाज के लोगों के साथ खड़े रहते हैं और हर संभव सहयोग प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि बाबा ने हम लोगों का सम्मान किया।

बलराम मांझी ने कहा कि यह राष्ट्रपति का मुरिया दरबार में आगमन पूरे बस्तर के लिए गर्व का विषय है। यह अवसर बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं और ऐतिहासिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

सुरक्षा के लिए बनेंगे 22 पेट्रोलिंग कैंप, दिन-रात होगी निगरानी

नक्सल साया हटा, इंद्रावती टाइगर रिजर्व के जंगलों में हो रही पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बरसों तक नक्सलवाद के साये में रहे बीजापुर के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में अब जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर नई उम्मीद जगी है। सुरक्षा परिस्थितियों में सुधार के बीच वन विभाग ने जंगल की निगरानी तेज कर दी है। वन्यजीवों के शिकार, पेड़ों की अवैध कटाई और वन संपदा की लूट पर लगाम कसने के लिए मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिन के साथ रात में भी पेट्रोलिंग पर लगाया जा रहा है। जंगल के भीतर सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए 7-7 किमी में लगभग 22 पेट्रोलिंग सुरक्षा कैंप स्थापित करने की तैयारी है। इन कैंपों के जरिए दुर्गम इलाकों तक वन अमले की पहुंच बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी मजबूत करने की योजना है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व का विशाल



वन क्षेत्र जैव विविधता और वन्यजीवों की मौजूदगी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। यहां वन्यजीवों को सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण देना और उनके रहवास को बचाए रखना वन विभाग के सामने बड़ी चुनौती है। नक्सल प्रभावित परिस्थितियों के कारण जिन इलाकों में नियमित निगरानी कठिन रही, वहां अब सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने के साथ वन संरक्षण की गतिविधियों को गति देने की संभावनाएं बढ़ी हैं। वन विभाग के मैदानी अमले की दिन और रात की पेट्रोलिंग का मकसद जंगल में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना है। इसमें अवैध शिकार और पेड़ों की कटाई जैसी गतिविधियों को समय रहते पहचानकर रोकना महत्वपूर्ण होगा। जंगलों में लगातार मौजूदगी से वन अपराधों पर अंकुश लगाने और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि कैंपों की वास्तविक प्रभावशीलता उनके स्थान, कर्मचारियों की तैनाती, संचार सुविधाओं और नियमित गश्त पर निर्भर करेगी। जंगल का क्षेत्र विशाल होने के कारण केवल कैंप स्थापित करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उन्हें सक्रिय और संसाधनयुक्त बनाए रखना भी जरूरी होगा। टाइगर रिजर्व में करीब 22 पेट्रोलिंग सुरक्षा कैंप स्थापित करने की तैयारी को वन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय, कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
//शपथ-पत्र//

मैं लेखराम सिन्हा, उम्र- 66 वर्ष, पिता- मनीराम सिन्हा, निवासी-ग्राम धानापुरी, पोस्ट- सोनईडोंगरी, तहसील-गुरुर, जिला-बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं। मैं निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3551 4642 9654 एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम लेखराम सिन्हा (LEKHRAM SINHA) अंकित है।
03. यह कि मेरे पुत्र ओमनारायण सिन्हा ने कक्षा बारहवीं की परीक्षा वर्ष 2015 में उत्तीर्ण किया है जिसके अंकसूची प्रमाण में पिताजी का नाम LEKH RAM दर्ज है।
04. यह कि मैंने अपना नाम सुधार कर लेखराम सिन्हा (LEKHRAM SINHA) S/O MANIRAM SINHA, NEAR BORWELL, WARD NO. 5 BHAGAT SINGH WARD, DHANAPURI, POST- SONAI DONGARI, TEH - GURUR, DIST - BALOD (C.G.) रख लिया है तथा इसी नाम से जाने, पहचाने जाते हैं।
05. यह कि उक्ताशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता - लेखराम सिन्हा
// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यतापूर्वक कथन करता हूं कि कंडिका 01 से 05 तक की जानकारी सत्य एवं सही है। मैं आज दिनांक को कांकेर छ.ग. में पढ़कर, समझकर, हस्ताक्षरित किया।

कांकेर, दिनांक-23.10.2026
सत्यापनकर्ता - लेखराम सिन्हा

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(विषय-6 देखिए)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, विवाह पक्षकार श्री सुरज विश्वकर्मा पिता जेठु राम विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष जाति लोहार निवासी मकान नंबर 48 खुटापारा सिंगारभाट कांकेर, तहसील व जिला कांकेर (छ.ग.) एवं सुश्री शिफा मंडावी पिता स्व. राजेश मंडावी उम्र 21 वर्ष जाति गांड़ा निवासी ग्राम कुलगांव पोस्ट आतुरगांव तहसील व जिला कांकेर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने हेतु इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 10.11.2026 को अथवा इसके पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की सीलमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुहर

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी,
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

चेंदरु और टेम्बू की दोस्ती से जगेगा बाघ संरक्षण का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर के जंगलों में कभी चेंदरु और उसके बाघ मित्र टेम्बू की दोस्ती की कहानी ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। अब यही ऐतिहासिक कहानी इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में बाघ संरक्षण की नई मुहिम का आधार बन रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों को वन्यजीवों और जंगलों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए भावनात्मक जुड़ाव का रास्ता चुना है। बस्तर के 'मोगली' के नाम से मशहूर चेंदरु और उसके बाघ मित्र टेम्बू की यादों को जीवंत कर ग्रामीणों के बीच संरक्षण का संदेश पहुंचाया जा रहा है। चेंदरु और टेम्बू की दोस्ती बस्तर की पहचान से जुड़ी ऐसी कहानी है, जिससे यहां की कई पीढ़ियां परिचित हैं। वन विभाग इसी आत्मीय रिश्ते को माध्यम बनाकर लोगों को समझा रहा है कि बाघ केवल जंगल का एक वन्यजीव नहीं, बल्कि प्रकृति के संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगल सुरक्षित रहेंगे, तभी वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास भी सुरक्षित रहेगा। इस अभियान में आकर्षक चित्रों और सरल नारों का सहारा लिया जा रहा है। 'मैं चेंदरु का दोस्त टेम्बू हूं, इंद्रावती टाइगर रिजर्व का जंगल मेरा घर है' जैसे संदेश ग्रामीणों को बाघों के प्रति अपनापन महसूस कराने के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी का अहसास करा रहे हैं।



खबर संक्षेप



शिविर में लर्निंग लाइसेंस के लिए मिले 342 आवेदन

कांकेर। जिला कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे के नेतृत्व में जिले के दुरस्त विकास खंड कोयलीबेड़ा मुख्यालय एवं परतापुर में तीन दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 342 आवेदकों द्वारा लर्निंग लाइसेंस के लिये आवेदन किया गया, जिसमे सभी आवेदकों को तत्काल लर्निंग लाइसेस प्रदान किया गया।

लर्निंग लाइसेंस बनवाने युवाओं में बड़ी उत्साह देखा गया और साथ ही साथ लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा व यातायात नियम को लेकर जागरूकता भी चलाया गया, जिसमे सभी मोटर सायकल चालको को हेलमेट एवं कार चालको को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने का परिवहन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया।

घायल युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। कोरर थानांतर्गत दुर्गा मंदिर कोरर के पास कांकेर थाना क्षेत्र के मनकेशरी निवासी 22 वर्षीय भुपेंद्र कुमार पिता सुखदेव यादव एक्सीडेंट हो गया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

महिला के बैंक खाते से 5 लाख की सायबर ठगी



कांकेर। कांकेर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। ठेलकाबोड़ बड़ेपारा निवासी शशीकला पटेल के पंजाब नेशनल बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर 5 लाख 8 हजार 839 रुपये निकाल लिए गए। पीड़िता के अनुसार यह राशि उनके पति के सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मिले क्लेम की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शशीकला पटेल गृहणी हैं और ठेलकाबोड़ बड़ेपारा में किराये के मकान में रहती हैं। उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते में पति के एक्सीडेंट के क्लेम की राशि जमा थी। उन्होंने घरेलू जरूरतों के लिए पैसे निकालने अपने जेठ विवेक कुमार पटेल को बैंक भेजा। बैंक पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि खाते में केवल 1 लाख 77 हजार रुपये शेष हैं, जबकि शेष राशि कथित तौर पर मोबाइल फोन के माध्यम से निकाली जा रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर शशीकला पटेल तत्काल बैंक पहुंचीं। वहां शाखा प्रबंधक से जानकारी लेने पर उन्हें खाते से रकम निकाले जाने का पता चला।

उड़कुड़ा दिवाली मिलन में छात्र होंगे सम्मानित

दुर्गूकोंदल। ग्राम उड़कुड़ा के ठाकुरपारा स्थित दुर्गा मंच में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के टॉप-10 विद्यार्थियों को प्रकोष्ठ द्वारा हवाई यात्रा कराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए खेलकूद और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

धान की बंपर पैदावार की संभावना, किसानों खुश

पखांजुर। धान का कटोरा कहे जाने वाले परलकोट अंचल में इस वर्ष धान की बंपर पैदावार की उम्मीद है। अनुकूल मौसम और समय पर बारिश से खेतों में फसल लहलहा रही है तथा बालियां दानों से भर रही हैं। किसान सुबल मंडल, दीपंकर मंडल, उत्पल मलिक, रंजीत सरदार, तपन मिस्त्री और दिनेश मिस्त्री ने बताया कि इस बार फसल की स्थिति बेहतर है।

बीएसएफ के छोटेबेठिया शिविर में 500 ग्रामीणों का हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ की 94वीं वाहिनी द्वारा गुरुवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2026-27 का आयोजन किया गया। सीमा चौकी छोटे बेठिया के अंतर्गत बेचाघाट फुटबॉल मैदान में सुबह 10 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 500 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेक्टर मुख्यालय दुर्ग के उप महानिरीक्षक दीपक कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर 94वीं वाहिनी के कमांडेंट रविंदर सिंह चंदेल, द्वितीय कमान अधिकारी सुभाष चंद्र ढाका तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश्वर खजुरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद किया और नागरिक कल्याण कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में छोटे बेठिया की सरपंच सविता नायक, कंधारी की सरपंच मैनी कतलामी, विद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी उप निरीक्षक लातेश्वर सूरी तथा जिला रिजर्व गार्ड के जवान भी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी से कार्यक्रम में स्थानीय सहभागिता देखने को मिली।

निःशुल्क बांटी गई दवाइयां और मिली उपयोगी सामग्री



किसानों, महिलाओं और विद्यार्थियों को वितरित की सामग्री

स्वास्थ्य सेवाओं के साथ नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों, महिलाओं, खेल क्लबों और मेधावी विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वर्गों को सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल और ग्रामीण जीवन से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया।

पुल निर्माण से मजबूत होगी ग्रामीण संपर्क व्यवस्था

गोतपुर-सरंगपाल मार्ग के लिए 18.50 करोड़ मंजूर, अब सफर होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विधानसभा कांकेर क्षेत्र में गोतपुर-सरंगपाल मार्ग पर चिनार नदी में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग ने 18 करोड़ 63 लाख 20 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से क्षेत्र में लंबे समय से बेहतर आवागमन की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को राहत मिलने का रास्ता खुला है। पुल का निर्माण पूरा होने के बाद आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही दैनिक गतिविधियों और जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत होगी। विधायक आशाराम नेताम क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और आमजनता को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। चिनार नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति को इसी दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। नदी पर उच्चस्तरीय पुल बनने से लोगों को आवागमन के लिए अधिक सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध होगा। इससे ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और अन्य जरूरतमंद लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। इस विषय पर हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि क्षेत्र में सड़क और पुल जैसी आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। चिनार नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। पुल का निर्माण पूरा होने के बाद आमजनता को आने-जाने में सुविधा होगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।





18 करोड़ की मिली स्वीकृति

सेतु विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेंद्र सोनकर ने बताया कि लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा 21 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश में इस निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है, यह विधायक आशाराम नेताम के प्रयास से संभव हो सका। यह कार्य वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल था। आदेश के अनुसार गोतपुर-सरंगपाल मार्ग के किलोमीटर 1/2 में चिनार नदी पर उच्चस्तरीय पुल और पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 1863.20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

आमजनता को मिलेगी सुविधा

चिनार नदी पर उच्चस्तरीय पुल और पहुंच मार्ग का निर्माण कांकेर क्षेत्र में आवागमन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पुल निर्माण पूरा होने के बाद स्थानीय लोगों को नदी पार करने और मार्ग से आवागमन करने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। इससे ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए आवागमन में राहत मिलेगी।

स्टेट हाईवे का डामरीकरण घटिया, तकनीकी जांच व मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोयलीबेड़ा

अंतागढ़-नारायणपुर स्टेट हाईवे मार्ग-5 बोंदानार, हवेचुर से बदरंगी तक करीब 10 किलोमीटर सड़क पर किए गए डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। घटिया डामरीकरण के चलते सड़क की हालत जर्जर हो गई है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद इसकी खराब स्थिति सामने आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और संबंधित विभाग की निगरानी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर डामरीकरण का कार्य बेहतर तरीके से नहीं किए जाने के कारण मार्ग कई स्थानों पर खराब हो गया है। एक पुलिया भी अधूरा पड़ा हुआ है, सड़क की बदहाल स्थिति के चलते दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत हो रही है, राहगीरों को भी इस मार्ग से गुजरते समय परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा देने के उद्देश्य से किया जाता है, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिए जाने से सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद लोगों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।



ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में उपयोग की गई सामग्री और डामरीकरण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करना चाहिए। साथ ही निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अंतागढ़-नारायणपुर स्टेट हाईवे मार्ग-5 से बदरंगी तक 10 किलोमीटर सड़क की तकनीकी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके।

मौत का सामान लेकर सड़कों पर दौड़ रही हार्वेस्टर मशीनें और प्रशासन मौन

आगे लगा नुकीला कटर और कंबाइन खुला रहने से गंभीर हादसे की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

इन दिनों परलकोट की सड़कों पर धान काटने वाली विशालकाय मशीनें बेखौफ दौड़ रही हैं, जो किसी चलती-फिरती मौत से कम नहीं है। इन मशीनों को कंबाइन हार्वेस्टर कहा जाता है, लेकिन सड़क पर चलते समय इनके आगे लगा नुकीला कटर और कंबाइन खुला रहता है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक हार्वेस्टर मशीन बीच सड़क पर चल रही है। उसके आगे लगा लगभग 12-14 फीट चौड़ा लोहे का कटर पूरी तरह खुला है और सड़क की लगभग आधी चौड़ाई घेर रहा है। बगल से गुजर रही छोटी कार, बाइक और पैदल चल रहे लोगों के लिए यह बेहद खतरनाक है। अगर जरा सी भी चूक हुई तो यह कटर किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता है।

न नियम, न सुरक्षा

नियमानुसार हार्वेस्टर के पीछे ही कट्टर को लगाने की जगह है, कटर को पीछे लगाने में समय लगने कि वजह से लोग पीछे नहीं लगाते। ऐसी बड़ी कृषि मशीनों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए ट्रेलर या ट्रक का उपयोग करना होता है, या फिर कटर को पैक कर, सुरक्षा कवर लगाकर और एस्कॉर्ट वाहन के साथ धीमी गति से ले जाना होता है। लेकिन यहां उलटा हो रहा है। चालक बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के, तेज रफ्तार से इन्हें बाजार और भीड़-भाड़ वाली गलियों से निकाल रहे हैं। न तो पीछे कोई चेतावनी बोर्ड है, न ही साइड में रिफ्लेक्टर। रात के समय तो यह और भी ज्यादा खतरनाक हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि /"रोजाना 4-5 हार्वेस्टर ऐसे ही निकलती हैं। बच्चों के स्कूल आने-जाने का समय रहता है, कभी भी अनहोनी हो सकती है।

प्रशासन से मांग

लोगों ने परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसी मशीनों के सड़क पर खुले कटर के साथ परिवहन पर रोक लगाई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले ही इसे रोका जा सके।

महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर। किराना दुकान में बैठी महिला के साथ अश्लील हरकत कर उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने के मामले में कांकेर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हाटकोंगेरा निवासी 49 वर्षीय मनोज साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता अपनी किराना दुकान में बैठी थी। इसी दौरान ग्राम हाटकोगेंरा निवासी मनोज साहू दुकान में सामान खरीदने पहुंचा।



आरोप है कि इस दौरान उसने गलत नीयत से महिला का हाथ पकड़ लिया और अनुचित बातें करने लगा। घटना के संबंध में पीड़िता ने थाना सिटी कोतवाली कांकेर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी की पतासाजी के लिए महिला प्रधान आरक्षक सवित्री मरकाम के नेतृत्व में टीम गठित की। पुलिस टीम ने ग्राम हाटकोंगेरा स्थित आरोपी के निवास पर दबिश देकर घेराबंदी की और मनोज साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ करना स्वीकार किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक कौशल साहू, महिला प्रधान आरक्षक सवित्री मरकाम, आरक्षक रामू जुर्री, अनिल मरकाम और महिला आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोपी की भूमिका रही।

शराब सेवन और अभद्र व्यवहार, भृत्य निलंबित

कांकेर। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बांसकुण्ड के सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बांसकुण्ड में पदस्थ भृत्य अभिषेक भारतद्वाज के विरुद्ध की गई शिकायत की जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतद्वाज के विरुद्ध शाला में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने, विद्यालय के अन्य शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा शराब का सेवन कर शाला में उपस्थित होने की शिकायत सेवा संकल्प शिविर में की गई थी। शिकायत की जांच के लिए गठित जांच दल ने आरोपों की जांच की, जिसमें शिकायत की पुष्टि हुई। संबंधित कर्मचारी का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के उपनियम (1), (2) एवं (3) के विपरीत तथा कदाचार की श्रेणी में पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम, 1966 के नियम 9 के तहत अभिषेक भारतद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड दुर्गूकोंदल निर्धारित किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, माहवारी रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

राहुल के नेतृत्व में जारी अभियान को देशभर में शानदार समर्थन मिल रहा है

वोट बचाओ अभियान से भाजपा सरकार की जड़ें हिलीं : दीपक बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक समीक्षा बैठक में राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान, स्मार्ट मीटर के विरोध एवं लगातार बढ़ते बिजली बिलों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे जनआंदोलन की ब्लॉकवार समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान एवं आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ संघर्ष कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर मतदाताओं के नाम काटकर उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठाए गए गंभीर सवालों ने भाजपा सरकार की जड़ें हिला दी हैं। वोट बचाओ-देश बचाओ केवल कांग्रेस का अभियान नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा का जनआंदोलन है। उन्होंने आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित देशव्यापी मार्च का उल्लेख करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने और अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सप्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि महंगाई के इस दौर में आम जनता पहले से ही आर्थिक परेशानियों का सामना कर रही है। उन्होंने बस्तर दशहरा की ऐतिहासिक 'जोगी बिठाई' परंपरा को प्रभावित करने के कथित प्रयासों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि सुरक्षा एवं वीआईपी व्यवस्था के नाम पर सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं का अनादर किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा। इस अवसर पर गंगा पोटाई, वीरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, सुभद्रा सलाम, नितिन पोटाई, रूप सिंह पोटाई, सरजू शोरी, वीरेंद्र ठाकुर, नरेंद्र यादव, हेमंत ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा बंटी, गफ्फार मेमन, सुनील बबला पाड़ी, हीरवेंद्र साहू, धनेश नरेटी, मुकेश तिवारी एवं दीपक शोरी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



